अमिअ मूरिमय चूरन चारू । समन सकल भव रूज परिवारू ।।
गुरू पद रज मृदु मंजुल अंजन । नयन अमिअ दृग दोष बिभंजन ।।
( मानस-भारत। राम कथा 923 - नई दिल्ली। मोरारी बापू )

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 77 | इंदौर, शुक्रवार 22 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. महिला आरक्षण विधेयक: पीएम मोदी बोले- जब पूर्ण बहुमत वाली स्थिर सरकार होती है, तो देश बड़े पड़ाव पार करता है
2. Rahul Gandhi: राहुल गांधी ने महिला आरक्षण में बताई दो कमियां, बोले- यह जातीय जनगणना से ध्यान हटाने की

# नो कार-डे सिटी बस में बैठे कलेक्टर

## महापौर, सहित कई प्रशासनिक अधिकारी सायकल से पहुंचे दफ्तर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर आज नो कर डे मना रहा है। कलेक्टर इलैया राजा टी सिटी बस का सफर करके ऑफिस पहुंचे। इससे पहले वे घर से पैदल ही निकले। उन्होंने सिटी बस काउंटर से टिकट खरीदा और फिर बस में बैठे। बस में उन्होंने युवाओं से नो कार डे को लेकर चर्चा भी की। इससे पहले उन्होंने ठेले से अमरूद भी खरीदे। वहीं सहित प्रशासनिक अधिकारी सायकल से दफ्तर पहुंचे।

प्रशासनिक अधिकारियों और इंदौर विधानसभा एक से कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला ने भी नो कार डे का समर्थन करते हुए ई रिक्शा से शहर में घूमने की बात कही है। महापौर, कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर, संभागायुक्त से लेकर सरकारी विभागों के अधिकारी कार का उपयोग नहीं कर र हे हैं। इनके अलावा निगम, प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी कार नहीं चला रहे।

शहर की 83 फीसदी आबादी निजी वाहनों का उपयोग कर रही है। महज 8 से 9 फीसदी लोग ही लोक परिवहन में सफर कर रहे हैं। इस वजह से आए दिन सडक़ों पर जाम के हालात बन जाते हैं। ट्रैफिक जाम से राहत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए शहर में शुक्रवार को नो-कार डे मनाया जा रहा है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर इलैया राजा टी., यातायात विभाग के डीसीपी मनीष अग्रवाल सहित पूरी टीम ने पहले ही तैयारी कर ली थी। अपर कलेक्टर रोशन राय सहित कई एसडीएम, तहसीलदार साइकिल से ऑफिस आए। नगर निगम के सभी अपर आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारी चार पहिया वाहनों का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। नो कार डे अभियान का समर्थन हाईकोर्ट इंदौर बेंच ने भी किया है। हाईकोर्ट ने पत्र जारी कर नो कार डे पर कार की जगह दो पहिया वाहन का प्रयोग करने के निर्देश दिए हैं।

### ◆ महापौर ने कहा यह एक इनिशिएटिव

महापौर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि नो कार डे एक इनिशिएटिव है। वल्ड कार फ्री डे 22 सितंबर को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत हम इंदौर में भी कर रहे हैं। हम देखेंगे कि शहर में कितनी कारें कम आती हैं। इससे शहर के पर्यावरण, यातायात और



पब्लिक ट्रांसपोर्ट की क्या तैयारी हमें करनी होगी, इसकी जानकारी जुटाएंगे। शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे आज कार का उपयोग नहीं करें। पब्लिक ट्रांसपोर्ट, बाइक या साइकिल का आने-जाने के लिए उपयोग करें।

### ◆ 35 लाख की आबादी वाले शहर में 21 लाख कारें

गौरतलब है 35 लाख की आबादी वाले इस शहर में फिलहाल चार पहिया वाहनों की संख्या 21 लाख पार कर गई है। इस वजह से आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। यदि एक दिन के लिए शहर की सडक़ों को कारों से मुक्त किया जा सके, तो वायु प्रदूषण में काफी हद तक सुधार हो सकता है। इसके अलावा कारों के विकल्प के रूप में लोक परिवहन के साधनों की भविष्य आधारित व्यवस्था पर भी विचार किया जा सकता है। इस साल स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में इंदौर नंबर वन आया, लेकिन यह पुरस्कार शहर को इसे सुधारने के प्रयासों के लिए दिया गया। कार में ईंधन के जलने से हर वर्ष करीब 21 हजार लीटर पानी बनता है, जो बेकार चला जाता है। इसी तरह हर साल इन वाहनों से निकलने वाली गैस पर्यावरण को दूषित कर रही हैं।

# शहरी क्षेत्रों में मतदान बढ़ाने की कवायद में जुटा आयोग

**शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग किया इंदौर को फोकस**

## ◆ केंद्रों पर मतदाताओं को यह सुविधा दे दी जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पिछले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की रुचि अधिक नहीं दिखी थी। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर के अधिकतर विधानसभा क्षेत्रों में राज्य के औसत 75.63 प्रतिशत से भी कम मतदान रहा था। इंदौर के नौ विधानसभा क्षेत्रों में छह, भोपाल के सात में से छह, जबलपुर के आठ में पांच और ग्वालियर के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कम रहा था।**

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान तो चला ही रहा है, इस पर भी विचार किया जा रहा है कि कुछ केंद्रों पर मतदाताओं को यह सुविधा दे दी जाए कि वे मतदान के लिए अपना समय पूर्व से निर्धारित कर सकें। इससे उन्हें लाइन में नहीं लगाना होगा।

### कम मतदान वाले क्षेत्रों को किया चिह्नित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए युवा और महिलाओं पर तो ध्यान केंद्रित कर ही रहा, उन क्षेत्रों में भी जागरुकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जहां मतदान का प्रतिशत कम रहा था। ऐसे 95 विधानसभा क्षेत्र चिह्नित किए गए हैं। इनमें शहरी क्षेत्रों की सीटें भी शामिल हैं। कम मतदान वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर अब यहां मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

### ये है कम वोटिंग वाले 19 जिले ..

पिछले विधानसभा चुनाव में 19 जिलों में राज्य के औसत से कम मतदान हुआ था। ये जिले हैं आलीराजपुर, भिंड, ग्वालियर, भोपाल, रीवा, छतरपुर, मुरैना, सीधी, सिंगरौली, इंदौर, दतिया, जबलपुर, सागर, दमोह, सतना, पन्ना, टीकमगढ़, कटनी और अशोक नगर। कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों के उन मतदान केंद्रों को चिह्नित किया गया है, जहां कम मतदान हुआ था।

# फ्री एक्टिंग वर्कशॉप और सेमिनार 23 और 24 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संस्था फिल्मी कैप्टसं की ओर से 23 और 24 सितंबर को आनंद कॉलोनी स्थित होटल सूलिन में दो दिवसीय एक्टिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्कशॉप में ओएमजी-2, कमांडो-3, बैंक चोर जैसी फिल्मों में काम कर चुके हेमंत सोनी और स्पेशल-26 फिल्म, सेंटर फ्रेश, फॉग, सेबामेड आदि टीवी कमर्शियल में काम कर चुके बंटी चोपड़ा एक्टिंग एस्पिरेंट्स के सामने रूबरू होंगे और उनके साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। इस वर्कशॉप में एक्टर और कोच आकाशदीप और विस्मय कुमार भी शिरकत करेंगे। खास बात यह है कि यह सेमिनार और वर्कशॉप पूरी तरह से फ्री है। फिल्मी कैप्टसं के गौतम शर्मा ने बताया कि इस वर्कशॉप में एक्टिंग प्रोफेशनल्स द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी, इसके अलावा यहां आने वाले प्रतिभागियों को इंडस्ट्री एक्सपर्ट के साथ नेटवर्किंग करने का अवसर भी मिलेगा। इसके साथ ही वर्कशॉप के दौरान कई इंगेजिंग और फन एक्टिविटी का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे पार्टिसिपेंट्स के कॉन्फिडेंस को बूस्ट मिल सके। साथ ही सभी को ऑडिशन की तैयारी की भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

# युवाओं को कला संस्कृति से जोड़ने वाला कला संस्कृति लोक उत्सव कल से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारत की लोक कलाओं और संस्कृति के जरिए युवाओं को अपने देश से जोड़ने के लिए पंचकन्या वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा दो दिवसीय कला-संस्कृति लोक उत्सव का आयोजना किया जा रहा है। 23 और 24 सितंबर को खंडवा रोड स्थित डीएवीवी ऑडियोरियम में होने वाले इस कार्यक्रम के तहत न सिर्फ लोक कला और संस्कृति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी बल्कि इनके बारे में कलाकारों द्वारा जानकारी भी दी जाएगी, साथ ही इनका प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस प्रयास का मकसद युवाओं को लोक कला और संस्कृति से जोड़ना है ताकि इन्हें अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके।

### कला और संस्कृति से युवाओं को जोड़ना मकसद

पंचकन्या वेल्फेयर फाउंडेशन की निर्देशक डॉ. समीक्षा नायक ने कहा कि चित्रकला, संगीत, साहित्य और परंपराएं किसी समाज, स्थान और समय का दर्पण होती है, जो वास्तविकता को परिभाषित करती है। भारत की कलाएं, जो भारत के विचारों का प्रतिबिंब है, हमारा उद्देश्य उनके यशस्वी स्वरूप को समाज तक पहुंचाना है। लोक कलाओं के माध्यम से युवाओं और समाज को समृद्ध राष्ट्र से जोड़ना व भारत के मूल स्वरूप को सांस्कृतिक रूप से स्थापित करना है। संस्था के संस्थापक डॉ. राकेश शिवहरे ने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन उद्घाटन सत्र सुबह 9.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसमें संपत्तियां उड़के ,आशा लकड़ा, साहित्य अकादमी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और डीयू की सीनियर प्रोफेसर प्रो. कुमुद शर्मा और संस्कृति, और पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# नर्सिंग आफिसर के विरूद्ध की गई कार्यवाही को निरस्त किए जाने हेतु ज्ञापन दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत के नर्सिंग आफिसर द्वारा नर्सिगं आफिसर एसोसिएशन के आव्हान पर नर्सिंग आफिसर की लंबित एवं जायज मांगों के निराकरण के संबंध में विधिवत सूचना प्रदान कर 10.7.2023 16.7.2023 तक अनिश्चिकालीन हडताल की गई थी। विभाग द्वारा हडताल में शामिल नर्सिगं आफिसर पर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए हडताल पर गये धार जिले के 253 नर्सिगं आफिसर, खरगोन जिले के 271 नर्सिगं आफिसर, बडवानी जिले के 218 नर्सिगं आफिसर, खण्डवा जिले के 150 नर्सिंग आफिसर, अलिराजपुर जिले के 110 नर्सिगं आफिसर, इन्दौर जिले के 224 नर्सिगं आफिसर, बुरहानपुर जिले के 128 नर्सिगं आफिसर (इंदौर संभाग से कुल 1354) की हडताल अवधि का वेतन आहरित नहीं किये जाने एवं एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश प्रसारित किये गये हैं । इस संबंध में म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेश गोठवाल के नेतृत्व में समस्त नर्सिगं आफिसर एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा आयुक्त , इंदौर संभाग इंदौर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस के संरक्षक लतीफ खान, जिला अध्यक्ष महेश गोठवाल, नर्सिंग आफिसर एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष लता चौहान, श्रीमती गायत्री वर्मा श्री रमेश सोनकर, श्री विजय पुणेकर, श्री के. के. त्रिपाठी, श्री बी. एल. परमार एवं काफी संख्या में नर्सिंग आफिसर एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहें ।

### श्री साहित्य सभा का स्थापना दिवस 2 अक्टूबर को

**इंदौर।** श्री साहित्य सभा के स्थापना दिवस पर 31 साहित्यकारों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम 2 ओक्टम्बर सोमवार को दोपहर 12 से 4 बजे प्रीतमलाल दुआ सभागृह में आयोजित होगा। यह जानकारी संस्था के संस्थापक चकोर चतुवेर्दी, अध्यक्ष अशोक दिवेदी ने देते हुये बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त विप्र प्रमुख योगेंद्र महंत होंगे। अध्यक्षता डॉ. चंदरपालसिंह यादव अहमदाबाद करेगे। विशेष अतिथि जगदीश पचौरी, अशोक कानूनगो एवं अशोक दिवेदी होंगे। संस्था के सचिव संतोष त्रिपाठी एवं किरण पांचाल ने बताया कि इस मौके पर 31 साहित्यकारों एवं समाज सेवियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेमोन्टो देकर सम्मानित किया जायेगा।




# मध्यप्रदेश पुलिस के पहले तैराकी परिसर का शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पुलिस में खेल भावना एवं शारीरिक दक्षता एवं क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं । शारीरिक दक्षता एवं क्षमता के विकास हेतु एक अति-उत्कृष्ट क्रिया होती है तैराकी । डॉ. वरूण कपूर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक आरएपीटीसी, इंदौर द्वारा बतया गया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल के निर्माण की योजना तैयार कर इसका निर्माण कार्य वर्ष 2021 में रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इंदौर के दूसरी पल्टन स्थित प्रशिक्षण परिसर में प्रारंभ किया गया । कार्य को तीव्र गति देते हुये कुछ समय पहले इस तैराकी परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ । इस तैराकी परिसर का नामकरण तरंग के रूप में किया गया और इसका उद्घाटन डॉ. वरूण कपूर द्वारा दिनांक-14.09.2023 को किया गया । लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस अति-उत्कृष्ट तैराकी परिसर में स्थित स्विमिंग पूल राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मानक अनुसार 50 मीटर का है और इसमें दिन में तैराकी के साथ-साथ रात्रिकालीन तैराकी भी संचालित करने की क्षमता है। स्विमिंग पूल के साथ-साथ तैराकी परिसर में चेंजिंग रूम, आगंतुक कक्ष एवं कार्यालय कक्ष भी स्थित है । इस परिसर का उपयोग सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों एवं रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के कर्मचारी एवं उनके परिवार के द्वारा किया जायेगा ।

# भगवान श्री देवनारायणजी अवतरण दिवस विशाल चल समारोह निकला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भगवान श्री देवनारायणजी अवतरण दिवस भादो सुदी छठ को गुरूवारको इंदौर देव गुराडिया से दुधिया तक विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया ।श्री देवनारायणजी भगवान भक्तगण द्वारा आयोजित इस समारोह में मुख्य संरक्षण रॉबर्ट वाड्रा व मार्गदर्शक पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के सानिध्य में विशाल चल समारोह निकला गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंचे चल समारोह के आयोजन सोनू गुर्जर पहलवान और संदीप गुर्जर ने बताया कि भगवान श्री देवनारायणजी अवतरण दिवस हजारों की संख्या में भक्ति जनो द्वारा यह विशाल शोभा यात्रा निकाली गई है और उसके बाद महाप्रसादी और भोजन का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लाभ लिया।

# यूनिट्स को पुर्नविक्रय करने पर एनओसी की आवश्यकता नहीं

**इंदौर।** नगर पालिक निगम इन्दौर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित परिसरों में निर्माणाधीन / निर्मित आवासीय इकाईयों को हितग्राहियों को आवंटित कर उनके विक्रयपत्रों का निष्पादन (रजिस्ट्री) हितग्राहियों के पक्ष में कराई जाती है। ईडब्ल्यूएस कैटेगरी (1बीएचके) प्रकोष्ठ के अंतर्गत स्लम इकाईयों हेतु 10 वर्ष तथा नॉनस्लम इकाईयों के लिए तीन वर्ष तक पुनर्विक्रय करने पर प्रतिबंध है, ताकि हितग्राहियों को शासन की ओर से दिए जाने वाले अनुदान / सहयोग का दुरूपयोग नहीं हो सके। इन आवास योजनाओं में 2बीएचके (एलआईजी) एवं 3बीएचके (एमआईजी) के पुनर्विक्रय पर कोई प्रतिबंध अवधि निर्धारित नहीं है।

# इंदौर में जूना गणेश भक्तों की समस्या मोबाइल से सुनते है, विदेशों से भक्तों के आते है कॉल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। हैलो..गणेशजी मैं बहुत मुसीबत में हूं, मेरे संकटों को दूर कर लेना। ऐसे वाक्य अक्सर जूना गणेश मंदिर के बप्पा के कानों में गूंजते है। गणपति अपने भक्तों की परेशानी मोबाइल पर सुनते है। इंदौर के जूना गणेश मंदिर के गणेशजी को मोबाईल वाले गणेशजी के नाम से पहचाना जाता है। पहले गणेशजी को ढेरों पत्र आते थे, जो पुजारी उन्हें पढ़ कर सुनाते थे। इस मंदिर का इतिहास करीब सैकड़ों साल पुराना है और मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैली है। गणशोत्सव के समय तो सुबह से ही भक्तों के कॉल आने लगते हैं। सात समंदर पार विदेशों में भी इनके भक्त है जो अपने आराध्य के दर्शन और मनोकामनाओं के साथ इंदौर पहुंचते है, लेकिन जो नहीं आ पाते हैं वे मोबाइल से गजानन के दर्शन करते हैं और मोबाइल के जरिए समस्याओं को गणेशजी को बताते है। अब एक नई टेक्नोलाजी आने से भक्त घर बैठे वीडियो कालिंग से भी गणेश के दर्शन कर उन्हे अपनी समस्या से अवगत कराते है। चिंतामन गणेश के भक्त पहले अपनी समस्या चिठ्ठी लिख कर भेजते थे लेकिन 20 सालों से अब सीधे मोबाईल पर समस्या सुनते है, दस दिनों के गणेश महोत्सव में तो चिंतामन गणेश को सैकड़ों फोन कॉल आते है। भक्त शादी या शुभ कार्य का प्रथम न्योता गणेश को अर्पित करते है। मंदिर पुजारी मनोहर लाल पाठक बताते हे कि जूनी इंदौर का प्राचीन मंदिर करीब एक हजार साल पुराना है। इस मंदिर की स्थापना परमार राजाओं ने करवाई थी। पौराणिक कथा के अनुसार औरंगजेब इस मंदिर को नुकसान पहुंचाने के मकसद से आया था लेकिन जब वह मंदिर के दरवाजा का ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुआ वो गजानन के चमत्कार को देखकर हक्का-बक्का रह गया। गजानन के इस रूप को देख उसने यहां माथा टेका और उलटे पांव लौट गया था।



भक्तों के संकटो को हरने वाले जूनी चिंतामन गणेश दूसरे नामों से भी पहचाने जाते है। इस मंदिर को अब लोग चिट्ठी वाले गणेश या मोबाइल गणेश के नाम से जानने लगे है। ऐसा इसलिए है कि गजानन के भक्त इंदौर ही नहीं देश और विदेशों में भी हैं। शहर से बाहर रहने वाले भक्त अकसर अपने रिश्तेदारों को कॉल करते है तो पुजारी पाठक उनको गजानन के दर्शन कराते हैं और उनकी समस्या गणेश को सुनाते है। इसके साथ ही वे समय-समय पर बाबा को याद करते हुए अपनी चिंता मोबाइल पर बताते है और जब उनकी समस्या का निवारण हो जाता है तो वे तब भी बाबा को धन्यवाद स्वरूप एक लेटर भेजते है। पुजारी के अनुसार दुबई, नेपाल,जर्मनी, जापान जैसे कई देशों से भक्तों के फोन आते है और चिट्ठियां यहां पहुंचती हैं। देश और विदेशों में रहने वाले कई भक्त तो उनके परिचितो को फोन करते हैं और हम उनकी बात गणेश से करा देते है साथ ही जब उन्हें कोई मुराद मांगनी होती है तो हम फोन को गजानन के पास रख देते हैं और वे भगवान से अपनी मन्नत कह देते हैं जिसके जरिए वो अपने दिल की बात भगवान तक पहुंचाते है।

## सोशल मीडिया के चटखारे..



राजनीति की मूवी 'राजाबाबू' के दृश्य में अलग अलग लुक में नजर आये कुशल अभिनेता !



# उज्जैन में चार लोगों का पूरा परिवार खत्म

## घर में शादीशुदा लिव-इन-पार्टनर और बच्चों के शव मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में एक घर में चार शव मिले हैं। मामला जानकी नगर का है। पुलिस मौके पर है। एसपी सचिन शर्मा ने बताया कि परिवार किराए से रहता था। शुरूआती जांच में यह सुसाइड का केस लग रहा है।**

जानकारी के मुताबिक शव मनोज राठौर उसकी लिव-इन-पार्टनर ममता, ममता के बेटे लक्की और बेटी के हैं। ममता के दोनों बच्चे उसके पहले पति के थे। मनोज ने पहली पत्नी को छोड़ दिया था। उसने ममता से दूसरी शादी नहीं की थी बल्कि दोनों पिछले पांच साल से लिव-इन में रह रहे थे। एसपी ने बताया कि परिवार मंदिर के पास फूल सामग्री की रेहड़ी लगाता था। तीन महीने पहले ही परिवार जयसिंहपुरा से यहां शिफ्ट हुआ था। घर का किराया करीब 1800 रुपए महीना है। पुलिस मौके पर पहुंची तो तीन लोगों के मुंह से झाग निकल रहा था। जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की टीम को बुलाया गया है।

### काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन नहीं खुला

कमरे के अंदर सबसे पहले घुसने वाले जितेंद्र सोलंकी ने बताया कि सुबह 10.30 बजे मनोज की जान-पहचान वाले मेरे पास आए। कहने लगे कि उनके घर का दरवाजा नहीं खुल रहा है। हम पहुंचे तो देखा कि आसपास के लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी किसी ने नहीं खोला। इसके बाद मैंने जोर से धक्का दिया तो अचानक से दरवाजा खुल गया। अंदर का नजारा देख सभी सहम गए।

### मकान मालिक ने दी पुलिस को जानकारी

मकान मालिक आसाराम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो कमरे के अंदर मनोज राठौर फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। वहीं, पास में ही उसकी लिव-इन-पार्टनर ममता और ममता के दो बच्चों के शव पड़े हैं। ममता और दोनों बच्चों के मुंह से झाग निकल रहा है। ममता की मौसी सुमित्रा शिंदे ने बताया कि हो सकता है, कर्ज से परेशान होकर ही मनोज ने यह कदम उठाया हो।

### 15 साल पहले हुई थी ममता की शादी

15 साल पहले ममता की शादी नागदा में हुई थी। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला है कि ममता का पति उसके साथ मारपीट करता था। इसलिए वो पति को छोड़कर उज्जैन आ गई थी। 2017 में मनोज की भी शादी हो चुकी थी, लेकिन मनोज की पत्नी मानसिक रूप से बीमार रहती थी। इसलिए मनोज ने उसे छोड़ दिया। नागदा से अपना घर छोड़कर उज्जैन आई ममता मनोज के घर के सामने ही किराए पर रहने लगी थी।

# महाकाल में फिर आकार लेगा 1000 साल पुराना मंदिर

## खुदाई में मिले थे परमारकालीन अवशेष, 65 लाख में बनेगा 37 फीट ऊंचा मंदिर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर की खुदाई में मिले एक हजार साल पुराने अवशेषों से फिर मंदिर बनाया जाएगा। इसकी ऊंचाई 37 फीट होगी। इसमें 65 लाख रुपए की लागत आएगी। एक साल के अंदर यह बनकर तैयार हो जाएगा। पूरा काम पुरातत्व विशेषज्ञों की देखरेख में कराया जाएगा। इसका काम जल्द ही शुरू होने वाला है।

मई 2020 में महाकाल मंदिर विस्तारीकरण के पहले चरण की खुदाई चल रही थी। मंदिर के अगले हिस्से में 25 से 30 फीट खुदाई के बाद प्राचीन मंदिर का ढांचा दिखा था। यहां आधार भाग, प्राचीन शिवलिंग, नंदी, गणेश, मां चामुंडा, शार्दुल की मूर्तियां मिली थीं। इसके बाद खुदाई का काम रोक दिया गया था। पुरातत्व विशेषज्ञों ने इसे परमारकालीन बताया था।

### एक्सपर्ट्स की निगरानी में हुई थी खुदाई

पुरातत्व विभाग के तत्कालीन आयुक्त शिवशेखर शुक्ला ने पुराविद् डॉ. रमेश यादव के नेतृत्व में चार सदस्यीय दल को वहां पर भेजा था। टीम को लीड कर रहे पुरातत्व अधिकारी डॉ. रमेश यादव ने कहा था कि 11वीं-12वीं शताब्दी का मंदिर नीचे दबा है, जो कि उत्तर वाले भाग में है। आयुक्त ने मंदिर के गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने के लिए पुरातत्व विभाग की निगरानी में खुदाई का निर्णय लिया था। दल ने विभाग को इसकी रिपोर्ट भी सौंपी थी।

पुरातत्व विभाग ने खुदाई में निकले सभी पत्थरों को संरक्षित करके रखवा दिया है।

### सभी हिस्सों को जोड़कर बनाएंगे मंदिर

एक्सपट्र्स की देखरेख में यहां मिले स्तंभ, कुंभ भाग, आमलक आदि के अवशेषों का वर्गीकरण कर नंबरिंग की है, जिससे निर्माण के दौरान जो भाग जहां का है, वहीं स्थापित किया जा सके। पुरातत्व विभाग अब आधार भाग से शिखर तक के हिस्सों को जोड़कर प्राचीन स्वरूप में ही मंदिर निर्माण का कार्य शुरू करेगा।

पुरातत्वविद् डॉ. रमेश यादव ने बताया कि बारिश का सीजन खत्म होने के बाद मंदिर के आधार स्तंभ को दोबारा खोला जाएगा। इसके बाद नींव से मंदिर निर्माण का काम शुरू किया जाएगा। मंदिर निर्माण में खुदाई में निकले पत्थरों का ही उपयोग किया जाएगा। मंदिर की नींव तक ले जाकर स्ट्रक्चर की सफाई कर पुनः निर्माण शुरू किया जाएगा।

**कीचड़ होने पर वाहन नहीं पहुंच सके तो ग्रामीणों की मदद से बिजली कंपनी ने बदले तार...**

# पद्मावती नदी के दोनों छोर पर 700 फीट के कंडक्टर नए लगाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ।** मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने पिछले सप्ताह आई बाढ़ के कारण झाबुआ जिले में पद्मावती नदी के पास क्षतिग्रस्त तारों को बहुत ही सूझबूझ और मेहनत से कार्य कर बदला है। भारी कीचड़ होने से जहां ट्रैक्टर भी नहीं चल सकता था, वहां 20 कर्मचारियों ने ग्रामीणों का सहयोग लिया गया। बहते पानी में बिजली कर्मचारी खड़े रहे और कंडक्टर (तार) नए लगाकर बिजली मौसमी कारणों से सामने आई समस्या का समाधान कर दिया।

मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के झाबुआ अधीक्षण यंत्री श्री डीएस चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त लाइन, ट्रांसफार्मर आदि के कार्य इसी सप्ताह करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में झाबुआ डिविजन के कार्मिकों ने थांदला तहसील के उमरदड़ा गांव के समीप पद्मावती नदी के दोनों छोर पर कार्य कर गुरूवार को अथक परिश्रम कर 700 फीट के तार चुनौतीपूर्ण परिश्रम कर बदले है। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि इसके लिए बिजली कंपनी के दो वाहनों का उपयोग कर झाबुआ से ढाई क्विंटल वजन के कंडक्टर मौके के पास ले जाए गए।

इसके बाद ग्रामीणों के मदद से नदी के तट तक कंडक्टर ले जाए गए। नदी के पास भारी कीचड़ होने के कारण ट्रैक्टर भी नहीं पहुंच पा रहा था। इस कारण बिजली कंपनी के दो इंजीनियरों समत 20 कर्मचारियों के साथ ही करीब 20 ग्रामीणों की मदद से तार नदी के दोनों ओर ले जाने कार्य भी किया गया। श्री चौहान ने बताया कि यह कठिन कार्य गुरूवार को चार घंटे में पूर्ण किया गया। नदी के एक छोर से दूसरे छोर तक कंडक्टर पहुंचाने के लिए एक साथ बीस लोगों को तार पकड़ कर खड़े रहना पड़ा। करीब दस लोग चार फीट पानी में रहे।

# छात्र की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने फूंकी बस

## ◆ लोगों ने ड्राइवर-कंडक्टर को पीटा, किया चक्काजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बीना।** बीना में 17 वर्षीय छात्र बस से उतरते वक्त पिछले पहिए की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से नाराज ग्रामीणों ने बस ड्राइवर और क्लीनर की पिटाई कर दी। बस में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी। हादसा बीना-खिमलासा रोड पर माला सुनेटी गांव में हुआ। छात्र के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ चक्काजाम कर दिया। करीब ढाई घंटे से यातायात थमा रहा। प्रशासन के आश्वासन के बाद उन्होंने जाम खोला। पुलिस के मुताबिक, रवि अहिरवार 12वीं क्लास में आर्ट स्ट्रीम का छात्र था। बुधवार को वह पास के बसाहरी गांव के शासकीय स्कूल में भूगोल की तिमाही परीक्षा देने गया था। परीक्षा देने के बाद रवि तिरुपति ट्रेवल्स की बस से घर लौट रहा था। बस जैसे ही गांव में पहुंची, ड्राइवर ने स्पीड धीमी कर उसे जल्दी उतरने को कहा। उतरते वक्त रवि हादसे का शिकार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए की मुआवजा राशि देने की मांग की थी। उन्होंने प्रशासन से चार लाख की तात्कालिक सहायता देने के अलावा बस ड्राइवर और क्लीनर पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

## एकजुट हुआ कल्चुरी समाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी** पिछोर विधानसभा से विधायक व पूर्व मंत्री केपी सिंह कक्काजू पर भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा महिलाओं को लेकर की गई टिप्पणी वाले एक वायरल वीडियो के आधार पर पिछोर थाने में मामला दर्ज करा दिया था। इसके बाद लगातार विधायक पर हुई एफआईआर के विरोध में कई समाज अब तक ज्ञापन सौंप चुके हैं। कल्चुरी समाज के द्वारा पिछोर विधायक व पूर्व मंत्री पर हुई एफआईआर के विरोध में पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंप कर एफआईआर की निष्पक्ष जांच कर एफआईआर को खारिज करने की मांग की है। ज्ञापन देने पहुंचे अमित शिवहरे ने बताया कि जिले के स्वच्छ छवि के जन नेता केपी सिंह कक्काजू के विरुद्ध प्रशासन ने भाजपा के राजनैतिक प्रभाव से बिना जांच किए एक मिथ्या अपराध पिछोर थाने में पंजीबद्ध कर लिया है। जबकि उनके वीडियो तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है।



# संपादकीय

## समस्या का समाधान सहयोग और समन्वय में ही निहित

महत्वाकांक्षी नदी जोड़ो परियोजना में विवादों से छुटकारा दिलाने की संभावना देखी गई थी, लेकिन यह परियोजना भी पिछले दो दशक में अपेक्षित गति नहीं पकड़ पाई है। पानी को लेकर हिंसा, विरोध प्रदर्शन या राजनीतिक शह-मात से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। समस्या का समाधान एक-दूसरे से सहयोग और समन्वय में ही निहित है। ऐसे में संबंधित राज्यों को क्षेत्रीय स्वार्थों को हर हाल में त्यागना होगा। कावेरी जल बंटवारे को लेकर वर्षों से चला आ रहा विवाद अब थम जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण एवं कावेरी जल नियमन समिति के उस आदेश में दखल देने से मना कर दिया है, जिसमें कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के लिए प्रति दिन पांच हजार घनमीटर पानी छोडने की बात कही गई है। तमिलनाडु ने सूखे का हवाला देते हुए बहत्तर सौ घनमीटर पानी मांगा था। समिति ने उसकी मांग को जायज तो माना, पर दूसरे राज्यों का भी खयाल रखते हुए पानी की मात्रा घटा कर पांच हजार घनमीटर कर दी। बाद में कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने भी यही फैसला दिया। तमिलनाडु इस फैसले पर राजी है, लेकिन कर्नाटक में इसके खिलाफ असंतोष पैदा हो गया है। राज्यभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक सरकार ने जिस प्रकार यह मुद्दा फिर केंद्र के समक्ष उठाया और अपने नागरिकों की नाराजगी का हवाला देकर प्रस्तावित पानी देने में असमर्थता जताई है, उससे यह विवाद खत्म होता नहीं दिख रहा। दशकों से यही हो रहा है। दक्षिण की गंगा कही जाने वाली कावेरी के जल को चार राज्यों- कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुदुच्चेरी के बीच बंटवारे को लेकर समय-समय पर बैठकें हुईं, समितियां बनीं, उच्चतम न्यायालय द्वारा आदेश पारित हुए, पर विवादों का अंत नहीं हो पाया। तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच कावेरी जल विवाद आजादी से पहले से चला आ रहा है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने 1990 में कावेरी नदी जल विवाद न्यायाधिकरण का गठन किया था। इस न्यायाधिकरण ने जैसे ही तमिलनाडु को पानी देने संबंधी फैसला सुनाया तो दंगे भड़क उठे, क्योंकि कर्नाटक ने इस निर्णय को अस्वीकार कर सर्वोच्च न्यायालय में इसे खारिज करने की मांग उठा दी। दोनों ही राज्यों के कई जिले सिंचाई के लिए कावेरी नदी के पानी पर निर्भर हैं। बंगलुरु शहर को पीने का पानी इसी से मिलता है। इसलिए यह मुद्दा दोनों ही राज्यों के लिए संवेदनशील बना हुआ है। वैसे, संघीय व्यवस्था वाले भारत में दो या अधिक राज्यों से होकर बहने वाली नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर विवाद कोई नई बात नहीं है।

### अर्ज़ किया है..!

*घर में बेचैनी हो तो अगले*
*सफ़र की सोचना*
*फिर सफ़र नाकाम हो जाए*
*तो घर की सोचना*

*-शुजा ख़ावर*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## शरणागत की भाषा क्या है ?....


शरणागत की भाषा मौन है ...शरणागत बोल बोल करता है क्या ?...वो चुप रहेगा ...उसको बोलने को कुछ बचता ही नहीं ....बोले वो जिसकी शरण में आप आये हो ...हमारे बोलने का क्या अर्थ है ?.... शरणागत कैसे बैठता है ?... शरणागत अकेले बैठता है ...उसको भीड़ पसंद नहीं ...मौका मिला ...अकेला .... शरणागत कैसे चलता है ?...कैसे जाता है?...

|| रामकथा || || मानस गणिका ||

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# 15 की उम्र में शादी 18 में हुईं विधवा, मिलिए भारत की पहली महिला इंजीनियर ए. ललिता से



भारत में इंजीनियर्स का अधिक महत्व है। एक इंजीनियर विभिन्न प्रकार के उत्पादों और प्रणालियों का मूल्यांकन कर उसका विकास, निरीक्षण और रखरखाव का पूरा ध्यान रखता है। वहीं देश के पहले मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया ने आधुनिक भारत की रचना की और देश को एक नया रूप दिया। कई बड़ी नदियों के लिए बांध और पुल बनाएं। हालांकि, इस दौरान महिलाओं की भी अहम भूमिका रही। वर्तमान में भी कई महिला इंजीनियर देश का नाम रोशन कर रही हैं।

लेकिन क्या आप जानते हैं देश की पहली महिला इंजीनियर कौन थी? उस समय जब महिलाओं को पर्दे के पीछे रखा जाता था, तब किसी महिला ने इंजीनियर बनने का सपना देखा था। आज इस लेख के माध्यम से हम आपको भारत की पहली महिला इंजीनियर के बारे में बताने वाले हैं, जो न केवल अपनी मेहनत के लिए जानी जाती है बल्कि निजी जीवन में चल रही कई परेशानियों के बावजूद भी उन्होंने ये उपलब्धि हासिल की।

### ◆ देश की पहली महिला इंजीनियर

भारत की पहली महिला इंजीनियर ए. ललिता हैं। उनका पूरा नाम अय्यलसोमायाजुला ललिता था। वह एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर थीं। उस दौर में औरतों को पढ़ने लिखने की आजादी कम ही थी। इन सभी सामाजिक मानदंडों के बीच ए. ललिता का स्कूल जाना, पढ़ाई करना और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भविष्य बनाना हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

### ◆ यहां हुआ था उनका जन्म

अय्यलसोमायाजुला ललिता का जन्म 27 अगस्त 1919 को चेन्नई में हुआ था। उनके पिता पप्पू सुब्बाराव लेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर थे। ललिता सात भाई-बहनों में पांचवें नंबर की संतान थीं। उनके परिवार ने समाज की कु प्रथाओं को लांगते हुए ललिता को पढ़ने का मौका दिया। हालांकि, महज15 साल की उम्र में उनकी शादी कर दी गई।

### ◆ विधवा ललिता ने चुनी इंजीनियरिंग

ललिता की शादी के तीन साल बाद ही उनके पति की मृत्यु हो गई। इतनी कम उम्र में विधवा होना और 4 महीने की बेटी को संभालना ए. ललिता के लिए एक बड़ी चुनौती थी। पति की मौत के बाद ललिता के जीवन मे नया दौर आया। अपनी बेटी श्यामला का जीवन संवारने और खुद को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखने का फैसला किया। परिवार के सहयोग से ललिता ने चेन्नई के क्वीन मैरी कॉलेज से फर्स्ट डिवीजन के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा को पास किया। इस शानदार प्रदर्शन के बाद ए. ललिता एक के बाद एक तरक्की की राह पर चलती गई।

### ◆ ऐसे बनीं भारत की पहली इंजीनियर

इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद ए. ललिता ने मद्रास विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज में चार साल के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग प्रोग्राम में दाखिला लेने की योजना बनाई। लेकिन साल 1930 के दशक के अंत तक टेक्निकल ट्रेनिंग में सिर्फ पुरुषों को दाखिला मिलता है। हालांकि, ए. ललिता ने फिर भी हार नहीं मानी और अपने पिता की सहायता से इंजीनियरिंग में दाखिला ले लिया।

अपनी मेहनत और लगन से मंजिल की राह पर चलने वाली ए. ललिता ने इस दौरान कई परेशानियों का सामना भी किया। लेकिन वह अपने करियर को लेकर एकाग्र थी। बाद में ललिता ने बिहार के जमालपुर में रेलवे वर्कशॉप में अप्रेंटिस की। इसके बाद शिमला के सेंट्रल स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया में इंजीनियरिंग असिस्टेंट के पद पर कार्य किया।

यूके में लंदन के इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स से ग्रेजुएट शिप एग्जाम भी दिया और अपने पिता के साथ रिसर्च कार्य में भी जुड़ीं। ए. ललिता कई जगहों पर काम करने के साथ भारत के सबसे बड़े भाखड़ा नांगल बांध के लिए जनरेटर प्रोजेक्ट का हिस्सा भी बनीं। यह उनके सबसे प्रसिद्ध कामों में से एक है। 1964 में पहले इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आफ वुमन इंजीनियर एंड साइंटिस्ट कार्यक्रम के आयोजन में उन्हें आमंत्रित किया गया।

## Highlights

1. Whether I become or don't become leader these are secondary: Rahul
2. Man wanted for attacking policewoman on train shot dead in encounter in Ayodhya
3. Man wanted for attacking policewoman on train shot dead in encounter in Ayodhya
4. He listened to us: Coolie as Rahul visits Delhi's railway station
5. No special exemption for actions like this: US amid India-Canada row

# AEGF-Mastercard launch Bharat Kisan Manch portal for farmers, agri entrepreneurs

**MUMBAI, (Agency).** The Agri Entrepreneur Growth Foundation (AEGF) and Mastercard on Thursday launched the Bharat Kisan Manch, the former's digital platform for farmers and agricultural entrepreneurs.

"This collaboration will accelerate the digitisation of millions of smallholder farmers and tens of thousands of rural entrepreneurs incubated by the Foundation. This will help the smallholders to enhance their income by reducing the input cost and increasing the output price, and will provide access to credit and crop advisory, leveraging the Bharat Kisan platform," a company release quoted Rajendra Jog, Director, AEGF, as saying.

The AEGF is the implementation arm of Sygenta Foundation.

The Bharat Kisan Manch

(1.) It will be powered by Mastercard's Community Pass; this, in turn, will make it easier for farmers to get paid more, and faster, for



their produce, the release stated.

(2.) By combining the digital infrastructure of Mastercard's Community Pass with AEGF's agricultural network, farmers can gain access to new marketplaces, as well as a much wider pool of potential buyers.

(3.) Madhya Pradesh, Maharashtra, and Uttar Pradesh are the first states where the portal will be introduced, and gradually expanded to other parts of the country.

(4.) The collaboration is part of AEGF's commitment to equip 20 million (2 crore) smallholder farmers with digital tools and financial services, and, in the process, create sustainable livelihoods for 100,000 agricultural entrepreneurs by 2030.

(5.) The initiative aims to benefit farmers and agricultural entrepreneurs over the next three years.

# New Echo and Fire TVs aside, generative AI is the big leap for Amazon's Alexa

**MUMBAI, (Agency).** It perhaps could have happened sooner, as artificial intelligence (AI) chatbots with large language models (LLMs) as underliers have caught our collective attention over the past year. 'Better late than never' is perhaps how one would describe Amazon's next big upgrade for the Alexa virtual assistant. At its annual keynote that focused on Alexa and its accompanying smart device ecosystem, Amazon confirms Alexa is ready to find a new large language model as its foundation.

While it is already true to an extent, using generative AI is expected to give Alexa the sort of finesse with conversational capabilities, that it presently perhaps doesn't have the



tools to achieve. In a way, the evolution of chatbots has been so rapid, voice assistants quickly went from being exciting, futuristic tech to basic tools one now expects as par for the course, on a smart speaker or a smartphone. Or we have simply become used to a more conversational AI, with chatbots such as ChatGPT, Microsoft's Bing and Google's Bard. Generative AI for Alexa will mean three important things. The ability to have a proper conversation (more than it can already do), understand context to personalise results for users and the ability to understand complexity of commands. Amazon says they are also finding ways to reduce latency, i.e., the time taken by the assistant to find the necessary response to a query. This should, in theory, make conversations flow without pauses.

Haryana

# मां के हत्यारे युवक को उम्रकैद: प्रॉपर्टी के लिए सिर पर हथौड़ा मारकर की थी हत्या, मोबाइल लोकेशन बनी अहम सबूत

**रोहतक, (एजेंसी)** प्रॉपर्टी के लिए मां की हत्या की हत्या करने के दोषी करार दिल्ली के टिकरी गांव के युवक सोनू को एएसजे डॉक्टर गगनगीत कौर की अदालत ने उम्रकैद व एक लाख 15 हजार रुपये जुर्माना भरने की सजा सुनाई है। घटना की शिकायत आरोपी की बहन ने दर्ज कराई थी। अज्ञात पर केस दर्ज हुआ। बाद में शिकायतकर्ता ने कहा कि अज्ञात हत्यारा उसका भाई नहीं है। पर कोर्ट ने घटनास्थल के पास से मोबाइल फोन की लोकेशन और हत्या में प्रयुक्त हथौड़े की बरामदगी के बाद आरोपी बेटे को दोषी करार दिया। साथ ही अदालत ने दोषी युवक की रहम की याचिका पर कहा कि, उसके ऊपर मां की हत्या का गंभीर आरोप है, ऐसा व्यक्ति दया का पात्र नहीं हो सकता।

सांपला की देव कॉलोनी में रहने वाली सोनिया ने मई 2020 में सांपला थाने में शिकायत दी कि वह मूलरूप से दिल्ली के टिकरी गांव की रहने वाली है। पिता व दो भाई टिकरी गांव तो एक भाई



गिझी में रहता है। वह उसका पति जितेंद्र भी अलग रहता है। उसकी मां रामप्यारी भी उसके साथ देव कॉलोनी में रहती है। शाम को मां व दोनों बच्चों और वह खाना खाकर सो गए।

रात एक बजे उसे मां के कमरे से चीख सुनाई दी। वह गई तो अज्ञात व्यक्ति उसकी मां के सिर में हथौड़े से वार कर रहा था। उसने बचाव करने का प्रयास किया तो उसके हाथ पर भी हथौड़ा मारा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। उसने घायल मां को पीजीआई में दाखिल कराया, जहां अगले दिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच की और रामप्यारी के बेटे सोनू को गिरफ्तार कर लिया। तभी से जिला अदालत में केस की सुनवाई चल रही थी। सोमवार को अदालत ने सोनू को दोषी करार दिया था।

Uttarakhand

## उत्तराखंड मौसम : मसूरी बस स्टैंड के पास भूस्खलन, फंसे पर्यटक, मौसम विभाग ने आज इन जिलों में किया है येलो अलर्ट

देहरादून, **(एजेंसी)** उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में आज शुक्रवार को कहीं-कहीं गर्जना और बिजली चमकने के साथ ओलावृष्टि होने के आसार हैं। इसके लिए मौसम विभाग की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। सुबह मसूरी में मैसानिक लॉज बस स्टैंड के पास भूस्खलन होने से सड़क बन्द हो गई। जिसके चलते यहां वाहनों के फंसने से जाम लग गया।

सूचना मिलते ही लोनिवि ने जेसीबी मशीन मौके पर पहुंच गई है। सड़क बन्द होने से मैसानिक लॉज बस स्टैंड से किंगरेग जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। स्कूली बच्चे भी परेशान हुए।

मौसम विभाग की ओर से देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चम्पावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार बताए गए हैं। इससे गर्मी से राहत मिल सकती है। आने दो दिन तक प्रदेश भर का मौसम सुहावना रहेगा।

Uttarpradesh

## अयोध्या में ट्रेन में महिला कांस्टेबल से दरिंदगी करने वाले को मुठभेड़ में मार गिराया

**अयोध्या, (एजेंसी)** सरयू एक्सप्रेस में महिला कांस्टेबल पर जानलेवा हमले में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस और एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया है. अयोध्या के पूरा कलंदर में मुख्य आरोपी अनीस को एक एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया. पुलिस के मुताबिक अनीस क्रॉस फायरिंग में मारा गया है. अनीस के दो अन्य साथी अयोध्या के इनायत नगर में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किए गए हैं. मारे गिराए गए बदमाश अनीस के दो अन्य साथी आजाद और विशंभर दयाल उर्फ लल्लू घायल हैं.

एनकाउंटर में ढेर मुख्य आरोपी अनीस महिला कांस्टेबल से ट्रेन में छेड़खानी कर रहा था. महिला सिपाही ने जब बदमाश को पटक दिया तो तीनों बदमाशों ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया था और उसके चेहरे को लहूलुहान कर दिया था.

Haryana

## गैंगरेप, अननैचुरल सेक्स, ब्लैकमेलिंग और... प्रैक्टिकल में पास करने के बदले शिक्षकों ने छात्रा से की दरिंदगी

**पलवल, (एजेंसी)** हरियाणा के पलवल जिले में छात्रा को प्रैक्टिकल में पास कराने के नाम पर दो शिक्षकों द्वारा 5 साल तक गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। मुख्य आरोपी के दो दोस्तों पर भी दुष्कर्म का आरोप है। आरोपियों ने छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया गया और उससे अननैचुरल सेक्स भी किया। इस दौरान पीड़िता पांच बार गर्भवती हुई। आरोपियों ने हर बार उसका गर्भपात करा दिया और किसी को बताने पर कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। तंग आकर पीड़िता ने पुलिस में इसकी शिकायत कर दी। पलवल जिले कैंप थाना पुलिस ने बुधवार को क्लास टीचर और उसके तीन साथी, उसके माता-पिता सहित नौ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित छात्रा ने एक तकनीकी शिक्षण संस्थान में वर्ष 2016 में दाखिला लिया था। क्लास टीचर और इंस्ट्रक्टर नीरज ने कई बार उससे छेड़छाड़ का प्रयास किया, लेकिन छात्रा उससे बचती रही। इसके बाद आरोपी ने छात्रा को प्रैक्टिकल में दो बार फेल कर दिया और बाद में पास कराने के लिए वर्ष 2018 में उसे अजय नामक शिक्षक के घर पर बुलाया।

खेल

## वाराणसी में बनने जा रहा है 451 करोड़ रूपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास

**वाराणसी। रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन संटर के बाद अब वाराणसी में बनने जा रहे नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भी भगवान शिव और काशी की झलक देखने को मिलेगी जिसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को करेंगे। भगवान शिव की नगरी में बन रहे क्रिकेट स्टेडियम का स्वरूप भी शिवमय होगा। इसके वास्तु में डमरू, त्रिशूल, बेलपत्र और गंगा घाट का स्वरूप समाहित होगा।**



राज्य सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को प्रधानमंत्री मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितंबर को काशी आ रहे हैं। इस शिलान्यास समारोह में महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर के आने की संभावना है।

पूर्वांचल के क्रिकेट प्रेमियों को अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच देखने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। 451 करोड़ रूपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का आधारभूत ढांचा भी तैयार होगा।

एक सरकारी बयान के मुताबिक इस परियोजना में उत्तर प्रदेश सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं जबकि भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास यह स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। बीसीसीआई के अहम अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे जिसमें अध्क्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और सचिव जय शाह शामिल हैं।

सिनेमा

## नहीं रहे 'थ्री इडियट्स के लाइब्रेरियन' एक्टर अखिल मिश्रा, घर में फिसलने से हुई मौत



एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से शॉकिंग खबर आई है. फिल्म 'थ्री इडियट्स' में लाइब्रेरियन की भूमिका से फेमस हुए एक्टर अखिल मिश्रा की घर में फिसलने से मौत हुई है. बुधवार दोपहर मुंबई के मीरा रोड स्थित घर में अचानक पैर फिसलने से अखिल के सिर पर गंभीर चोटें आईं. आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाकर एडमिट करवाया गया.

चोट गहरी होने के कारण डॉक्टर्स उन्हें बचा नहीं पाए और कुछ घंटों में ही उनकी मौत हो गई. अखिल की पत्नी सुजैन बर्नेट फिल्म शूटिंग के सिलसिले में हैदराबाद गई हुई थीं. सुजैन की मैनेजर ने अखिल के डेथ की खबर को कंफर्म किया है.

अखिल ने कई टीवी शोज और फिल्मों में काम किया था. उन्होंने भंवर, उतरन, उड़ान, सीआईडी, श्रीमान श्रीमति, भारत एक खोज, रजनी जैसे शोज किए थे. फिल्मों की बात करें तो, एक्टर ने डॉन अब्बा, हजारों ख्वाहिशें ऐसी, 3 इडियट्स में काम किया था. इंडस्ट्री में अखिल ने सालों काम किया लेकिन पहचान उन्हें 3 इडियट्स में लाइब्रेरियन दुबे के रोल से मिली. सीरियल उतरन में उमेद सिंह बुदेला के रोल में भी उन्हें काफी पसंद किया गया था.

अखिल की पत्नी सुजैन बर्नेट भी पेशे से एक्ट्रेस हैं. पति की मौत के बाद वो बुरी तरह टूट गई हैं.

# सोशल मीडिया पर चोरी का वाहन बेचने का प्रयास पकड़ाए आरोपी

## ट्रेक्टर ट्राली चुराने वाले के साथ खरीदार भी पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ इलाके में ट्रेक्टर ट्राली चोरी होने के मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच वाहन मालिक को सोशल मीडिया पर चोरी का ट्रेक्टर बेचने का एड दिखाई दिया तो उसने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन चुराने वाले के साथ खरीदने वाले को भी गिरफ्तार किया है।**

पुलिस के अनुसार गत 27 अगस्त को ट्रैक्टर चालक हरिप्रसाद पिता रामनारायण दांगी,कौशल्यापुरी कालोनी चितावद ने अपना ट्रैक्टर व ट्राली कौशल्यापुरी हनुमान मंदिर के पास खड़ी की थी ये वहां से चोरी हो गई। भंवरकुआ पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। ट्रैक्टर ट्राली सहित चोरी करने वाले आरोपियों की तलाश में इन्दौर, देवास, उज्जैन, आगर मालवा के समस्त मार्ग पर स्थापित टोल प्लाजा, पैट्रोल पंप पर लगे करीबन 400 से ज्यादा फुटेज चैक किए गए।

फुटेज में एक बदमाश पैदल आते दिखाई दिया जो ट्रैक्टर ट्राली सहित चोरी कर ले जाता दिखाई दे रहा था। फुटेज चेक किए गए तो महिदपुर तक आरोपी ट्रेक्टर ट्राली के साथ दिखा उसके बाद कोई फुटेज नहीं मिले। इसी दौरान चोरी गए ट्रैक्टर-ट्राली को बेचने के लिए सोशल मीडिया पर लोडिंग वाहन बेचने को फोटो अपलोड किया गया। इसमें चोरी की ट्राली भी दिखाई दी। उक्त वाहन पेंटिंग करवाने के लिए तूफानसिंह,लापाखेड़ी,आगर मालवा के पास पाया गया।

उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि उक्त ट्राली उसने विजय सिंह राजपूत से एक लाख रुपये में खरीदी है । पुलिस ने जब विजय सिंह राजपूत निवासी हिम्मत नगर पालदा से चोरी किये ट्रैक्टर ट्राली के संबंध में पूछताछ की तो उसने ट्राली को तूफानसिंह को एक लाख में बेचना स्वीकारा। विजय सिंह राजपूत ने चोरी किये ट्रैक्टर को अपने रिश्तेदार के यहां रखा था। जहां से आरोपी विजय सिंह राजपूत से ट्रैक्टर बरामद किया गया। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### मामला अकाउंटेंट के जहर खाने का...

# एक सप्ताह भी केस दर्ज नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक अकाउंटेंट ने करीब एक सप्ताह पहले जहर खा लिया था। डेढ पन्ने के लिखे सुसाइड नोट में उसने इसका जि मेदार पत्नी और अपने बचपन के दोस्त को बताया था। उस मामले में पुलिस ने जांच की बात कही थी। इस घटना को करीब एक सप्ताह गुजर गया है लेकिन अभी तक कोई केस दर्ज नहीं हुआ है।**

मल्हारगंज थाना क्षेत्र के जनता क्वार्टर में रहने वाले अकाउंटेंट अभिषेक पिता जगदीश प्रसाद ने करीब एक सप्ताह पहले जहर खा लिया था। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। यहां इलाज के बाद उसकी जान बचा ली गई है। अभिषेक के पास से मल्हारगंज पुलिस को डेढ पन्ने का नोट मिला था जिसमें उसने पत्नी पर बेवफाई का आरोप लगाते हुए दोस्त और पत्नी की प्रताडऩा से दुखी होने की बात लिखी थी। इस घटना के करीब एक सप्ताह गुजर जाने के बाद भी अब तक मल्हारगंज पुलिस ने कोई केस दर्ज नही किया है। दूसरी ओर अभिषेक इलाज के बाद घर पहुंच गया है और उसने चेतावनी दी है कि यदि दोस्त और पत्नी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी तो मैं दोबारा जहर खा लूंगा। इस मामले की जांच बड़े अफसरों तक भी पहुंच गई है। माना जा रहा है कि अब जल्द ही इस मामले में केस दर्ज होगा।

# दो थानों की पुलिस ने पकड़े लुटेरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दो थानों की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से मोबाइल लूट के दो मामलों में आरोपियों को पकड़ा है। भंवरकुआ पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आईटी पार्क के पास से कमलेश दांगी के मोबाइल लूट की जांच की तो तीन नाबालिग लुटेरों की पहचान हुई। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया है। इन्होंने मोबाइल लूट की चार वारदातें भी स्वीकारी हैं। ये नाबालिग पालदा इलाके के रहने वाले हैं और अपने खर्चे पूरे करने के लिए मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। इनका एक साथी फरार है। इसी प्रकार सदरबाजार पुलिस ने प्रथम बटालियन के पास नाबालिग हिमांशु प्रजापत का मोबाइल लूटने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम संजय सकवाल,नंदबाग और कालू ,गाडराखेड़ी बताए गए हैं। इनसे लूट का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है।

## मलबा हटाने को लेकर मारपीट

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में घर के सामने से मलबा हटाने का कहने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। पुलिस ने मनोज पटेल (23) निवासी प्रजापत नगर की शिकायत पर ललित राठौर और सोनू के खिलाफ केस दर्ज किया है। मनोज ने पुलिस को बताया कि आरोपी बोला कि घर के सामने से पड़ा पलस्तर का मलबा हटा ले। इस पर उसे सुबह साफ करवा देने की बात की तो आरोपी ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर डंडे से उसे पीट दिया। इसी प्रकार जूनी इंदौर पुलिस ने प्रिंस यादव, प्रोफेसर कॉलोनी की रिपोर्ट पर सौरभ उर्फ बाबू, बापू नगर के खिलाफ वसूली का केस दर्ज किया है। प्रिंस सिंधी कॉलोनी से जा रहा था, तभी आरोपी आया और उसने फरियादी को रोक कर मारपीट शुरू कर दी। कहने लगा कि मुझे शराब पीने के पैसे चाहिए। फरियादी ने पैसा देने से मना किया, तो उसके साथ मारपीट की।

# विदेशों में करते थे चोरी और लूट के मोबाइलों की तस्करी

## सरगना के बाद गैंग के दो और आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गत दिनों चोरी और लूट के मोबाइल विदेश में बेचने के मामले में गैंग का पता लगाकर इस मामले में अब तक 700 से ज्यादा मोबाइल जब्त कर लिए हैं।वहीं गैंग के फरार मास्टर माइंड जितेंद्र उर्फ जानी वाधवानी और उसके साथी जयकुमार छाबडिय़ा को 64 मोबाइल के साथ बंदी बनाया था। गैंग के फरार आरोपी मोहित उर्फ टिंकू बाधवानी और वरुण बसंतानी को भी क्राइम ब्रांच ने दबौचा है,इनके पास से भी चोरी-लूट के मोबाइल बरामद किए गए हैं। आरोपी विदेशों में चोरी एवं लूट के मोबाइलों की तस्करी करते थे। पूछताछ में इनके तार भी गैंग से जुड़े पाए गए हैं।

रावजीबाजार पुलिस ने चोरी और लूट के मोबाइल विदेश में बेचने के मामले में गैंग का पदार्फाश किया था। इस गैंग का मास्टर माइंड जितेंद्र उर्फ जानी नेपाल फरार हो गया था। उसके इंदौर आने की सूचना बाद राऊ क्षेत्र से उसके साथी जयकुमार के साथ गिरफ्तार किया था। इनके पास से 64 मोबाइल बरामद हुए थे। इनसे हुई पूछताछ के बाद अब क्राइम ब्रांच ने गैंग के फरार आरोपी मोहित उर्फ टिंकू जोधानी क्रांति कृपलानी नगर एवं वरुण बंसतानी ,पावनाथ कालोनी को पकड़ा है।

बताया जाता है कि आरोपियों के कब्जे से मौके पर महंगे चोरी व लूट के मोबाईल जप्त हुए हैं। ये आरोपी फरारी के दौरान भी इन मोबाइल को बेचना चाहते थे। आरोपीगणो द्वारा पहले भी बड़ी संख्या में मोबाईल गैंग के सरगना जितेन्द्र उर्फ जानी को बेचना स्वीकार किया । आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है माना जा रहा है कि इनसे हुई पूछताछ में अनेक खुलासे होंगे।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करें।
*****
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करें। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करें
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/सूचना का सदैव स्वागत है)

# कैफे संचालक ने महिला से की छेड़छाड़

## अधिकारियों को शिकायत के बाद केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर इलाके में एक महिला ने कैफे संचालक पर घर में घुसकर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि मामले में पुलिस ने सुनवाई नहीं की। इस पर अधिकारियों को शिकायत की गई, तब जाकर केस दर्ज किया गया।**

लिंबोदी निवासी महिला ने कैफे संचालक हरसिमरन उर्फ अनमोल भाटिया के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। आरोपी जबरदस्ती घर में घुस गया और छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें की। मामले की शिकायत जोन-1 के डीसीपी आदित्य मिश्रा को की है। पीड़िता समाजसेविका है।

पीड़िता का कहना है अनमोल 12 सितंबर को घर आया जबरदस्ती का प्रयास किया। 13 सितंबर को थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने बगैर सुनवाई के रवाना कर दिया। तीन बार थाने जाने पर 16 सितंबर को अनमोल के खिलाफ एफआइआर दर्ज की, लेकिन गिरफ्तारी नहीं की। आरोप है कि 18 सितंबर को आरोपित ने पीड़िता को रोका और पुनः छेड़छाड़ की और उसके विरुद्ध दर्ज केस में समझौता करने की धमकी दी। पीड़िता के पति ने उसे समझाने की कोशिश की तो राड से हमला कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि वह उसके द्वारा दर्ज करवाई रिपोर्ट की जानकारी लेने गई तो एसआइ ने नाबालिग बेटे और पति को हवालात के पास बैठा दिया था। बाद में दोनों को छोड़ा ।

## मजदूर ने जहर खाकर दी जान

**इंदौर।** मजदूरी करने वाले युवक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी । वह गुजरात में काम करता था वहां से बुधवार को ही वह लौटा था। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम श्रवण पिता गंगाराम निवासी फाकरोड़ा देपालपुर है। उसके परीचित विशाल के अनुसार श्रवण गुजरात में काम करता था ,कल वह आया था । उसने घर पर ही जहर खा लिया । उसने जानलेवा कदम क्यों उठाया फिलहाल पता नहीं लगा है । कल परिवार के लोग बाहर गए थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।